**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 13.08.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु कोतवाली नगर में शहर के धर्मगुरुओं व पदाधिकारियों के साथ की गई शान्ति समिति बैठक । सभी धर्मगुरुओं ने प्रशासन को अपने-अपने समुदाय की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने के सहयोग का दिया भरोसा ।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 13.08.2025 को सिटी मजिस्ट्रेट श्री संदीप केला, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री माविस टक व उपजिलाधिकारी सदर द्वारा कोतवाली नगर में शहर के सभी धर्मगुरुओं व पदाधिकारियों के साथ शान्ति समिति बैठक की गई । बैठक में सभी धर्मगुरुओं, पदाधिकारियों व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर आगामी त्यौहारों जैसे- स्वतंत्रता दिवस, चेहल्लूम, कृष्ण जन्माष्टमी आदि पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में वार्ता कर शासन द्वारा जारी आदेशों-निर्देशों के बारे में अवगत कराया गया तथा साथ ही सभी के सुझाव भी लिये गये । बैठक में सभी धर्मगुरुओं ने प्रशासन को अपने-अपने समुदाय की ओर से शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के सहयोग का भरोसा दिया गया । आगामी त्यौहारो को शान्ति पूर्वक एवं परम्परागत तरीके से मनाने हेतु अपील की गयी एवं किसी नई धार्मिक परम्परा को बिना अनुमति शुरु न करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । अफवाहों पर ध्यान ना देनें, सोशल मीडिया पर साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने तथा अफवाह फैलाने वालों पर सोशल मीडिया टीम द्वारा सतत् निगरानी की जा रही है । किसी भी प्रकार की समस्या/घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें । नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी ।